# *भारत का विदेश व्यापार : 2008-09 (अप्रैल 2008-फरवरी 2009)**

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइ एण्ड एस) ने हाल ही में अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान भारत के वाणिक माल संबंधी अनंतिम आंकड़े एवं अप्रैल दिसम्बर 2008 का पण्य-वार ब्यौरा जारी किया है। यह लेख इन आंकड़ों के आधार पर भारत के पण्य व्यापार की समीक्षा करता है।

## मुख्य - मुख्य बातें

- फरवरी 2009 के दौरान भारत के वाणिक माल के निर्यात, जिसकी राशि 11.9 बिलियन अमरीकी डॉलर थी, में पिछले वर्ष के तदनुरूपी माह के दौरान दर्ज 44.6 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की तुलना में 21.7 प्रतिशत की सीधी गिरावट दर्ज की गई। अक्तूबर, 2008 से निर्यात में सीधी गिरावट के साथ अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान कुल निर्यात जो कि 154.9 बिलियन था घटकर 6.4 प्रतिशत हो गया (एक वर्ष पहले 28.4 प्रतिशत था)। यह कपड़ों एवं कपड़ों के उत्पादों, रत्न एवं जवाहरातों, चमड़ा उत्पादों, कृषि एवं संबंधित उत्पादो, लौह अयस्क एवं धातुओं के निर्यात में तेजी से आई कमी के कारण था क्योंकि ये क्षेत्र मांग में आयी मंदी के कारण बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं, प्रमुख रूप से विकसित क्षेत्रों में अर्थात संयुक्त राज्य अमरीका एवं यूरोप।
- चालू राजकोषीय वर्ष 2008-09 के दौरान अब तक फरवरी 2009 में 16.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के आयातों ने दूसरे महीने में 23.3 प्रतिशत की व्यापक गिरावट दर्शायी, जिसकी तुलना फरवरी 2008 में 55.0 प्रतिशत की सीधी वृद्धि से की जा सकती है, जो कि प्रमुख रूप से तेल के आयात में तेजी से हुई कमी के कारण था। अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान 268.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल आयात ने तेल एवं गैर तेल दोनों ही के आयातों में

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया। इस लेख का पिछला अंक भा.रि.बैं. बुलेटिन, अप्रैल 2009 के अंक में प्रकाशित किया गया था।

आयी कमी के चलते पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि के दौरान दर्ज की गई वृद्धि (40.2 प्रतिशत) से 17.9 प्रतिशत कम दर्शाया।


- अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान 87.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के पेट्रोलियम, तेल एवं लुब्रीकेन्ट्स (पीओएल) आयात में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई (अप्रैल 2007 से फरवरी 2008 में 35.3 प्रतिशत)। तथापि, अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का औसत मूल्य अप्रैल-अगस्त 2008 के दौरान जारी अन्तर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की उच्च कीमतों के प्रभाव के फलस्वरुप अप्रैल 2007 से फरवरी 2008 के दौरान 77.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में 86.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल पर उच्च बना रहा।
- अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान 180.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के गैर तेल आयातों के संबंध में पिछले वर्ष के 42.6 प्रतिशत की तुलना में 15.0 प्रतिशत की निम्न वृद्धि दर दर्ज की गई, जो प्रमुख रूप से सोने एवं चांदी, इलेक्ट्रॉनिक सामानों एवं परिवहन उपस्करों में आई कमी के कारण था।
- अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 113.8 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जब कि पिछले वर्ष तदनुरूपी अवधि के दौरान 31.6 बिलियन अमरीकी डॉलर (38.4 प्रतिशत) की बढ़ोत्तरी थी।

## वर्ष 2008-09 (अप्रैल 2008 - फरवरी 2009) के दौरान भारत का पण्य व्यापार

### *निर्यात*

अप्रैल-अगस्त 2008 के दौरान 35.3 प्रतिशत की सीधी वृद्धि दर्ज करने के पश्चात भारत के पण्य निर्यात ने सितम्बर 2008 के दौरान गिरावट दर्शायी। तथापि, बाद के महीनों से निर्यात में गिरावट दर्ज की गई उदहरणार्थ अक्तूबर में (-12.1 प्रतिशत), नवम्बर में (-9.9 प्रतिशत), दिसम्बर में (-1.1 प्रतिशत) जनवरी 2009 में (-15.9 प्रतिशत) एवं फरवरी 2009 (-21.7 प्रतिशत) जो प्रमुख रूप से वैश्विक वित्तीय मंदी के कारण थी (चार्ट 1)। परिणाम स्वरूप अप्रैल 2008 - फरवरी

**चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार संतुलन**



2009 के दौरान कुल निर्यात में 154.9 बिलियन अमरीकी डालर की वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 28.4 प्रतिशत की तुलना में घटकर 6.4 प्रतिशत हो गई (सारणी 1)। श्रमसाध्य क्षेत्रों जैसे कि रत्न एवं जेवरात, कपड़ा एवं कपड़ा उत्पाद, कृषिगत एवं संबंधित उत्पाद, अयस्क एवं खनिज ने गिरावट दर्ज की है क्योंकि मांग में आयी मंदी, विशेष तौर पर विकसित क्षेत्रों जैसे कि संयुक्त राज्य एवं यूरोप के चलते इन क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

अप्रैल-दिसंबर 2008 की अवधि के लिए डी जी सी आई एण्ड एस द्वारा जारी विस्तृत पण्य-वार निर्यात आंकड़ों से यह पता चलता है कि निर्यात में सबसे बड़ा हिस्सा अभियांत्रिकीय माल, रसायन एवं संबंधित उत्पादों, पेट्रोलियम उत्पादों एवं कृषिगत एवं संबंधित उत्पादों का है, जबकि अयस्कों एवं खनिजों, चमड़ा एवं विनिर्माण, कपड़ा एवं कपड़ा उत्पादों तथा रत्न जेवरातों की भागीदारी

**सारणी 1: भारत का वणिक व्यापार: अप्रैल 2008 - फरवरी 2009**

(बिलियन अमरीकी डालर)

| मदें | 2007-08 सं | | 2008-09 अ | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 |
| निर्यात | | 145.6 (28.4) | | 154.9 (6.4) |
| तेल निर्यात | 24.3 (42.6) | | 22.8* (16.7)* | |
| तेल से इतर निर्यात | 121.3 (25.9) | | 107.9* (14.9)* | |
| आयात | | 227.9 (40.2) | | 268.7 (17.9) |
| तेल आयात | 70.6 (35.3) | | 87.8 (24.4) | |
| तेल से इतर आयात | 157.3 (42.6) | | 181.0 (15.0) | |
| व्यापार संतुलन | | -82.2 | | -113.8 |
| तेल व्यापार संतुलन | -46.3 | | -56.9* | |
| तेल से इतर व्यापार संतुलन | -36.0 | | -47.8* | |

* : आंकड़े अप्रैल-अक्तूबर के हैं ।
सं.: संशोधित  अ:अनंतिम
**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

**सारणी 2: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - दिसंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **15.6** | **16.9** | **15.6** | **14.8** |
| कृषि और संबद्ध उत्पाद | 10.0 | 11.3 | 10.5 | 10.5 |
| अयस्क और खनिज | 5.5 | 5.6 | 5.0 | 4.4 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **67.2** | **63.2** | **64.6** | **65.3** |
| चमड़ा और चमड़े के उत्पाद | 2.4 | 2.2 | 2.2 | 2.1 |
| रसायन और संबद्ध उत्पाद | 13.7 | 13.0 | 13.1 | 13.5 |
| इंजीनियरिंग माल | 23.4 | 22.9 | 23.0 | 26.3 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 13.7 | 11.9 | 12.2 | 11.1 |
| रत्न एवं आभूषण | 12.6 | 12.1 | 12.9 | 11.2 |
| **III.पेट्रोलियम उत्पाद** | **14.8** | **17.4** | **17.2** | **17.4** |
| **IV. अन्य** | **2.4** | **2.5** | **2.6** | **2.5** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत :** डीजीसीआइ एंड एस के आंकड़ों से संकलित।

घटी है (सारणी 2)। क्षेत्र-वार विनिर्मित माल ने 65.3 प्रतिशत की भागीदारी के साथ सबसे बड़ा हिस्सा बनाए रखा एवं इसके बाद पेट्रोलियम उत्पादों (17.4 प्रतिशत) एवं प्राथमिक उत्पादों (14.8 प्रतिशत) का स्थान है।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान प्राथमिक उत्पादों के निर्यात ने जो कि 19.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था, पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 33.6 प्रतिशत से 9.9 प्रतिशत की घटी हुई दर का सामना किया। प्राथमिक उत्पादों में कृषिगत एवं संबंधित उत्पादों दोनों ही ने (39.1 प्रतिशत से 14.6 प्रतिशत) एवं अयस्क एवं खनिज (23.4 प्रतिशत से 0.1 प्रतिशत) वृद्धि में तेज गिरावट दर्ज की। कृषि एवं संबंधित उत्पादों में जबकि चाय, कॉफी, ऑयल मील, तम्बाकू एवं काजू ने बढ़त जारी रखी वहीं चावल, कपास कच्चा माल अर्थात् रद्दी, मसालों, चीनी एवं शीरा तथा समुद्री उत्पादों में लगातार गिरावट जारी रही (विवरण 3)।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान विनिर्मित माल के निर्यात जो कि 85.3 बिलियन अमरीकी डॉलर थे उन्होंने पिछले वर्ष के 19.2 प्रतिशत की तुलना में घटकर 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। विनिर्मित उत्पादों के अन्तर्गत अभियान्त्रिकी माल, रसायनों एवं संबंधित उत्पादों ने उच्च वृद्धि प्रदर्शित की जबकि, अन्य प्रमुख मदों जैसे कि चमड़ा एवं विनिर्मित वस्तुओं, कपड़ा एवं कपड़ा उत्पादों तथा रत्नों तथा जेवरातों में गिरावट आई।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान अभियान्त्रिकी माल का निर्यात जो कि 34.3 बिलियन अमरीकी डॉलर था एवं भारत के कुल निर्यात में जिसका योगदान एक चौथाई था, वह पिछले वर्ष की 22.3 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले 31.7 प्रतिशत की वृद्धि दर पर लगातार बढ़ता रहा, जिसमें सबसे ज्यादा योगदान यातायात उपस्करों, लोहा एवं इस्पात एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान का था। मजबूत निर्यात निष्पादन के चलते विशेष तौर पर वर्ष के प्रथम भाग के दौरान प्रमुख बाजारों जैसे कि सिंगापुर, अमरीका एवं यूके के यातायात उपस्करों का निर्यात व्यापक रूप से बढ़ा।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान रसायन एवं संबंधित उत्पादों का निर्यात जो 17.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर था उसमें पिछली वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 17.6 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 18.7 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई जिसमें आधारभूत रसायनों, फार्मास्युटिकल, प्लास्टिक एवं लिनोलियम तथा अवशिष्ट रसायनों और संबंधित उत्पादों का प्रमुख योगदान था जबकि रबर, कांच एवं पेन्ट्स के संबंध में गिरावट दर्ज की गई।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान कपड़ा एवं कपड़ा उत्पाद क्षेत्र जो एक महत्वपूर्ण रोजगार साध्य क्षेत्र है, 14.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर था, तेजी से घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गया (एक वर्ष पहले 9.7 प्रतिशत)। प्रमुख घटक अर्थात बने बनाए परिधान जिनका कपड़ा एवं कपड़ा उत्पाद निर्यातों में लगभग 50 प्रतिशत का हिस्सा है, ने अपनी वृद्धि बरकरार रखी। तथापि अन्य प्रमुख मद, उदाहरणार्थ सूती धागे कपड़े, मेडअप्स, हस्तनिर्मित धागे, कपड़े इत्यादि ने गिरावट दर्शायी।

14.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर, रत्न एवं जेवरात निर्यात में वृद्धि जो एक प्रमुख रोजगार साध्य क्षेत्र है, ने अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान पिछले वर्ष के 26.8 प्रतिशत की तुलना में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिससे भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्यों जैसे कि हॉगकांग, यूएस एवं यूएई में भारत के रत्नों एवं जेवरातों के संबंध में मंदी की स्थितियाँ परिलक्षित हुईं।

22.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पेट्रोलियम उत्पाद जो भारत के निर्यात के दूसरे सबसे बड़े घटक हैं, ने पिछले वर्ष के 36.4 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान 16.7 प्रतिशत की घटी हुई वृद्धि प्रदर्शित की (विवरण 2)।

अप्रैल-दिसम्बर 2008 के दौरान, गंतव्यवार, विकासशील देशों ने भारत के निर्यात के सर्वोच्च 39.6 प्रतिशत हिस्से का गठन किया, उनके पश्चात ओईसीडी देशों (38.8 प्रतिशत) एवं ओ पी ई सी (19.7 प्रतिशत) देशों का हिस्सा है। 12.0 प्रतिशत के साथ यू एस भारत के निर्यातों का सबसे बड़ा आयातक बना रहा, जबकि पिछले वर्ष (13.4 प्रतिशत) के मुकाबले इसका हिस्सा कम हुआ है (सारणी 3)। भारत के निर्यात का अन्य सबसे बड़ा बाजार संयुक्त अरब अमीरात के देश (11.0 प्रतिशत), सिंगापुर (5.0 प्रतिशत), चीन (4.7 प्रतिशत) एवं हांगकांग (3.7 प्रतिशत) है।

**सारणी 3 : भारत का प्रमुख क्षेत्रों को निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - दिसंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **41.2** | **38.5** | **40.4** | **38.8** |
| यूरोपीय संघ | 20.4 | 20.2 | 21.5 | 21.9 |
| उत्तर अमरीका | 15.8 | 13.5 | 14.2 | 12.8 |
| यू.एस | 14.9 | 12.7 | 13.4 | 12.0 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.4 | 3.2 | 3.0 | 2.6 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 1.6 | 1.6 | 1.7 | 1.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यात देशों का संगठन** | **16.4** | **16.4** | **17.1** | **19.7** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.0** | **2.1** | **1.2** | **1.2** |
| **IV. विकासशील देश** | **40.2** | **42.7** | **41.1** | **39.6** |
| एशिया | 29.8 | 31.6 | 30.2 | 28.8 |
| सार्क | 5.1 | 5.9 | 5.5 | 5.1 |
| एशिया के अन्य विकासशील देश | 24.6 | 25.7 | 24.7 | 23.8 |
| अफ्रीका | 7.0 | 7.7 | 7.7 | 7.0 |
| लैटिन अमरीकी देश | 3.4 | 3.4 | 3.1 | 3.8 |
| **V. अन्य / अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **0.4** | **0.3** | **0.7** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

## *आयात*

अप्रैल-सितम्बर 2008 के दौरान भारत के पण्य आयातों ने 44.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी एवं उसके पश्चात उसमें गिरावट हुई, जिससे वैश्विक आर्थिक मंदी के कारण औद्योगिक गतिविधियों में मंदी परिलक्षित हुई। अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान 268.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल आयात पिछले वर्ष दर्ज की गई 40.2 प्रतिशत से कम अर्थात 17.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान 87.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पी ओ एल आयात भी 24.4 प्रतिशत की निम्न वृद्धि दर पर दर्ज किए गए (एक वर्ष पूर्व 35.3 प्रतिशत), तथापि, संभवतः पहली छमाही के दौरान जारी कच्चे तेल की उच्च कीमतों का सतत प्रभाव पड़ा है। अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का औसत मूल्य जो कि 86.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था (41.2 - 132.2 प्रति बैरल के बीच रहा) वह अप्रैल 2007 - फरवरी 2008 के दौरान 77.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल (65.2- 91.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा) की तुलना में 11.6 प्रतिशत ज्यादा रहा (सारणी 4)। अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान गैर तेल निर्यातों में वृद्धि पिछले वर्ष के 42.6 प्रतिशत की तुलना में काफी घटकर 15.0 प्रतिशत हो गई।

अप्रैल-दिसंबर 2008 की अवधि के लिए पण्य-वार आयातों के आंकड़ों ने पी ओ एल आयातों की मात्रा में लगातार वृद्धि के साथ, पिछले महीनों में जारी कच्चे तेल की उच्च कीमतों के प्रभाव के अन्तर्गत पी ओ एल आयातों ने 46.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी (एक वर्ष पहले 24.0 प्रतिशत)। अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान मात्रा के संबंध में पी ओ एल आयात में पिछले वर्ष की

**सारणी 4: कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियाँ**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)

| वर्ष | दुबई | ब्रैंट | डब्ल्यू टीआइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| अप्रैल-फरवरी 2008 | 75.5 | 80.4 | 80.2 | 77.4 |
| अप्रैल-फरवरी 2009 | 83.6 | 88.2 | 89.2 | 86.4 |
| फरवरी 08 | 90.0 | 94.8 | 95.4 | 93.8 |
| फरवरी 09 | 43.1 | 43.2 | 39.2 | 41.8 |

* : वेस्ट टैक्सास इंटरमीडिएट

** : 2008-09 के लिए कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का संयोजन सोर ग्रेड के लिए ओमान और दुबई तथा स्वीट ग्रेड के लिए ब्रैंट (दिनांकित) 62.3:37.7 अनुपात दर्शाता है।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक पण्य मूल्य पिंकशीट जनवरी 2009।

इसी अवधि के दौरान 7.5 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गैर पी ओ एल आयातों में प्रमुख रूप से पूँजीगत माल एवं सोना, चांदी एवं बड़ी मात्रा में उपभोग किए जाने वाले माल के आयात में आई गिरावट के कारण वृद्धि की गति में मंदी आई (32.3 प्रतिशत से 29.8 प्रतिशत) (विवरण 5)। प्रतिशत हिस्से के अर्थ में, पी ओ एल 31.6 प्रतिशत से बढ़कर 33.8 प्रतिशत हो गया, जबकि पूँजीगत माल, सोने एवं चांदी के हिस्से में गिरावट आई (सारणी 5)।

स्रोत-वार, अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान भारत के आयात में ओ पी ई सी का सबसे बड़ा हिस्सा था (33.9 प्रतिशत), उसके पश्चात विकासशील देशों का (31.9 प्रतिशत) एवं ओ ई सी डी देशों का (31.4 प्रतिशत) [तलिका 6]। कुल आयातों के 10.3 प्रतिशत हिस्से के साथ चीन आयात का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है, उसके पश्चात सउदी अरब (7.3 प्रतिशत), यू ए ई (6.5 प्रतिशत), यू एस (5.9 प्रतिशत), स्विट्ज़रलैंड (4.6 प्रतिशत) एवं ईरान (4.3 प्रतिशत)।

**सारणी 5: प्रमुख पण्यों का आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - दिसंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पाद | 30.8 | 31.7 | 31.6 | 33.8 |
| 2. पूंजीगत माल | 25.3 | 28.2 | 23.9 | 21.0 |
| 3. सोना और चांदी | 7.9 | 7.1 | 8.4 | 7.2 |
| 4. कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायन | 4.2 | 3.9 | 4.3 | 4.3 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2.5 | 2.6 | 2.7 | 3.6 |
| 6. उर्वरक | 1.7 | 2.2 | 2.4 | 5.3 |
| 7. धातु अयस्क , धातु स्क्रैप आदि | 4.5 | 3.1 | 3.4 | 2.9 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.5 | 3.8 | 3.2 |
| 9. मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान रत्न | 4.0 | 3.2 | 4.1 | 4.6 |
| 10. अन्य | 19.6 | 18.7 | 20.7 | 20.0 |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**सारणी 6: भारत के आयात में देश समूहों / देशों का हिस्सा**

(प्रतिशत हिस्सा)

| समूह/देश | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - दिसंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **34.5** | **34.8** | **33.5** | **31.4** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 14.6 | 14.9 | 13.3 |
| फ्रांस | 2.3 | 2.5 | 1.2 | 1.0 |
| जर्मनी | 4.1 | 3.9 | 3.9 | 3.5 |
| यूके | 2.2 | 2.0 | 2.2 | 2.1 |
| उत्तर अमरीका | 7.3 | 9.1 | 6.7 | 6.6 |
| यू.एस.ए. | 6.3 | 8.4 | 5.8 | 5.9 |
| एशिया और ओसेनिया | 6.4 | 5.8 | 6.2 | 5.9 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 5.5 | 5.2 | 5.7 | 5.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **30.2** | **30.3** | **31.3** | **33.9** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.7** | **2.1** | **1.7** | **2.4** |
| **IV. विकासशील देश** | **32.2** | **32.1** | **33.2** | **31.9** |
| एशिया | 25.5 | 25.5 | 27.0 | 25.6 |
| सार्क | 0.8 | 0.8 | 0.8 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 24.7 | 26.2 | 25.0 |
| *जिसमें से:* | | | | |
| चीन गणराज्य | 9.4 | 10.8 | 11.5 | 10.3 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.0 | 4.5 |
| लैटिन अमरीकी देश | 3.0 | 2.4 | 2.3 | 1.8 |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ो से संकलित।

## व्यापार घाटा

अप्रैल 2008 से फरवरी 2009 के दौरान कुल व्यापार घाटा 113.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जिससे अप्रैल 2007 से फरवरी 2008 के दौरान 82.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार घाटे की तुलना में 31.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर (38.4 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित होती है। 56.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर अप्रैल-दिसंबर, 2008 के दौरान तेल के संबंध में व्यापार घाटा एक वर्ष पहले के 34.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 21.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर (62.7


प्रतिशत) अधिक था। इस अवधि के दौरान गैर तेल खाते के संबंध में व्यापार घाटा 47.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जो कि पिछले वर्ष के 23.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 24.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर (101.4 प्रतिशत) अधिक था।

## वैश्विक व्यापार

वैश्विक आर्थिक संभावनाएं (डब्ल्यू ई ओ) (अप्रैल 2009) के अनुमान यह मानते है कि नीतिनिर्माताओं के द्वारा किए जाने वाले सख्त प्रयासों के साथ वित्तीय बाजार में स्थायित्व आने में अनुमान से ज्यादा समय लगेगा। निर्धारित नीतिगत कार्रवाइयों के साथ भी एवं दूसरी तिमाही के बाद से संकुचन की दर में आने वाली मंदी का अंदाजा लगाते हुए, वर्ष 2009 में अब वैश्विक गतिविधियों के अब 1.3 प्रतिशत गिर जाने का अनुमान है, जनवरी डब्ल्यू ई ओ के अद्यतनीकरण से एक व्यापक अधोगामी संशोधन। संयोग से यह द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात से सबसे गहरा मंदी का दौर है। चूंकि यह मंदी वास्तव में विश्वव्यापी है : विश्व अर्थव्यवस्था के तीन चौथाई भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले दशों में प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट परिलक्षित की गई है, एवं सभी देशों में वृद्धि तेजी से घटी है। तद्नुसार, वृद्धि के 2010 में पुनः आरंभ होने की संभावना है; जो कि मात्र 1.9 प्रतिशत पर होगी। पूर्व में डब्ल्यू टी ओ ने यह अनुमान लगाया था कि मात्रा के संबंध में विकसित अर्थव्यवस्था के निर्यातों के औसतन 10 प्रतिशत एवं विकाशील देशों के निर्यातों के 2-3 प्रतिशत तक घटने के साथ विश्व पण्य व्यापार में वर्ष 2009 में 9 प्रतिशत की कमी आएगी (अर्थात जहाँ गणना से मूल्य परिवर्तन हटा लिए गए हैं)।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संख्यिकी (आई एफ एस) के अनुसार वैश्विक पण्य निर्यात जो जनवरी - सितम्बर, 2008 के दौरान औसतन 22.7

**चार्ट 2: वैश्विक निर्यात वृद्धि की मासिक प्रवृत्ति - 2008**




प्रतिशत बढ़ा, अक्तूबर 2008 में 1.1 प्रतिशत गिरा एवं बाद के महीनों में भी गिरावट की प्रवृत्ति जारी रही, जैसे कि नवम्बर (-15.0 प्रतिशत) एवं दिसंबर (-13.6) (सारणी 2)। तथापि, वर्ष 2008 (जनवरी - दिसम्बर) के लिए औसत वृद्धि 14.3 प्रतिशत रही (पिछले वर्ष की संगत अवधि के लिए 13.9 प्रतिशत)। वर्ष 2008 के दौरान इसी अवधि के लिए उदीयमान एवं विकासशील

**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि - वैश्विक परिदृश्य**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र / देश | 2006 | 2007 | 2008 |
|---|---|---|---|
| | जनवरी-दिसंबर | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **विश्व** | **16.1** | **13.9** | **14.3** |
| **उन्नत देश** | **12.6** | **13.5** | **11.3** |
| यू.एस | 14.5 | 12.0 | 11.9 |
| फ्रांस | 10.1 | 12.3 | 9.8 |
| जर्मनी | 14.7 | 18.0 | 10.8 |
| जापान | 9.2 | 7.8 | 12.3 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **22.8** | **14.7** | **21.1** |
| सिंगापुर | 18.4 | 10.1 | 13.0 |
| चीन | 27.2 | 25.6 | 17.3 |
| भारत | 21.4 | 21.5 | 20.6 |
| इंडोनेशिया | 19.0 | 14.7 | 24.4 |
| कोरिया | 14.4 | 14.1 | 13.6 |
| मलेशिया | 14.0 | 9.6 | 19.1 |
| थाइलैंड | 18.7 | 17.0 | 12.9 |


**स्रोत :** (1) आंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)।
(2) भारत के लिए वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

अर्थव्यवस्थाओं से निर्यात 21.1 प्रतिशत बढ़े (पिछले वर्ष के लिए 14.7 प्रतिशत); जबकि वह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मंद पड़कर 11.3 प्रतिशत हो गया (14.7 प्रतिशत से)। जनवरी-दिसम्बर 2008 के दौरान कुल निर्यात ने एक उच्च वृद्धि दर्ज की जो कि प्रमुख रूप से वर्ष 2008 की प्रथम छमाही के दौरान दर्ज की गई उच्च निर्यात वृद्धि के कारण था (सारणी 7)।

## पण्य मूल्य

विश्व पण्य मूल्य लगातार अधोगामी प्रवृत्ति दर्शाते रहे। आई एफ एस के अनुसार अगस्त, 2008 से विश्व पण्य मूल्य घटे हैं एवं वर्ष 2008 के बाद के सभी महीनों में गिरावट आई। वर्ष 2009 में भी घटने का यह क्रम जारी रहा जैसे कि जनवरी में (-16.4 प्रतिशत) एवं फरवरी में (-24.5 प्रतिशत)। यह गिरावट ऊर्जा, धातु एवं खाद्य पदार्थों के मूल्यों में भी दिखी। फरवरी 2009 के दौरान ऊर्जा की कीमतें 47.0 प्रतिशत घटीं, धातु मूल्य 42.9 प्रतिशत घटा एवं खाद्य पदार्थ के मूल्य 49.0 प्रतिशत घटे (चार्ट 3)।

**चार्ट 3 : वैश्विक पण्य मूल्य (आधार:2000=100)**




**स्रोत** : विश्व पण्य मूल्य सूचकांक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)

| विवरण 1 : भारत का विदेश व्यापार - फरवरी 2009 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| करोड़ रुपए | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 46,484<br>(15.8) | 5,645<br>(8.7) | 40,839<br>(16.9) | 62,470<br>(22.2) | 19,852<br>(9.0) | 42,618<br>(29.5) | -15,986 | -14,207 | -1,779 |
| 2007-08 सं | 60,476<br>(30.1) | 9,453<br>(67.5) | 51,023<br>(24.9) | 87,151<br>(39.5) | 30,645<br>(54.4) | 56,506<br>(32.6) | -26,675 | -21,192 | -5,483 |
| 2008-09 अ | 58,685<br>(-3.0) | .. | .. | 82,872<br>(-4.9) | 19,937<br>(-34.9) | 62,935<br>(11.4) | -24,187 | | |
| मिलियन अमरीकी डॉलर | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 10,527<br>(16.2) | 1,278<br>(9.1) | 9,248<br>(17.3) | 14,147<br>(22.6) | 4,496<br>(9.4) | 9,651<br>(30.0) | -3,620 | -3,217 | -403 |
| 2007-08 सं | 15,221<br>(44.6) | 2,379<br>(86.1) | 12,842<br>(38.9) | 21,934<br>(55.0) | 7,713<br>(71.6) | 14,222<br>(47.4) | -6,714<br>(85.4) | -5,334 | -1,380 |
| 2008-09 अ | 11,913<br>(-21.7) | .. | .. | 16,823<br>(-23.3) | 4,047<br>(-47.5) | 12,776<br>(-10.2) | -4,910<br>(-26.9) | | |
| मिलियन एस डी आर | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 7,030<br>(11.5) | 854<br>(4.6) | 6,176<br>(12.5) | 9,448<br>(17.6) | 3,002<br>(4.9) | 6,446<br>(24.6) | -2,418 | -2,149 | -269 |
| 2007-08 सं | 9,600<br>(36.6) | 1,501<br>(75.8) | 8,100<br>(31.1) | 13,835<br>(46.4) | 4,865<br>(62.0) | 8,970<br>(39.2) | -4,234 | -3,364 | -870 |
| 2008-09 अ | 8,022<br>(-16.4) | .. | .. | 11,328<br>(-18.1) | 2,725<br>(-44.0) | 8,603<br>(-4.1) | -3,306 | | |

अ : अनंतिम    सं : संशोधित    .. : अनुलपब्ध

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 4,56,418<br>(21.6) | 51,533<br>(64.1) | 4,04,885<br>(17.7) | 6,60,409<br>(31.8) | 1,94,640<br>(45.2) | 4,65,769<br>(26.9) | -2,03,991 | -1,43,107 | -60,884 |
| 2006-07 | 5,71,779<br>(25.3) | 84,520<br>(64.0) | 4,87,259<br>(20.3) | 8,40,506<br>(27.3) | 2,58,572<br>(32.8) | 5,81,935<br>(24.9) | -2,68,727 | -1,74,052 | -94,675 |
| 2007-08 सं. | 6,55,864<br>(14.7) | 1,14,192<br>(35.1) | 5,41,672<br>(11.2) | 10,12,312<br>(20.4) | 3,20,655<br>(24.0) | 6,91,657<br>(18.9) | -3,56,448 | -2,06,463 | -1,49,985 |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 1,03,091<br>(23.4) | 11,640<br>(66.5) | 91,451<br>(19.5) | 1,49,166<br>(33.8) | 43,963<br>(47.3) | 1,05,203<br>(28.8) | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| 2006-07 | 1,26,361<br>(22.6) | 18,679<br>(60.5) | 1,07,683<br>(17.7) | 1,85,749<br>(24.5) | 57,144<br>(30.0) | 1,28,606<br>(22.2) | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| 2007-08 सं. | 1,62,904<br>(28.9) | 28,363<br>(51.8) | 1,34,541<br>(24.9) | 2,51,439<br>(35.4) | 79,645<br>(39.4) | 1,71,795<br>(33.6) | -88,535 | -51,281 | -37,254 |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 70,774<br>(26.2) | 7,991<br>(70.3) | 62,783<br>(22.2) | 1,02,405<br>(36.8) | 30,182<br>(50.6) | 72,224<br>(31.7) | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| 2006-07 | 85,018<br>(20.1) | 12,567<br>(57.3) | 72,451<br>(15.4) | 1,24,975<br>(22.0) | 38,447<br>(27.4) | 86,528<br>(19.8) | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| 2007-08 सं. | 1,04,686<br>(23.1) | 18,227<br>(45.0) | 86,459<br>(19.3) | 1,61,581<br>(29.3) | 51,181<br>(33.1) | 1,10,399<br>(27.6) | -56,895 | -32,955 | -23,940 |
| **अप्रैल-फरवरी** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 5,14,395<br>(27.0) | 77,308<br>(64.4) | 4,37,087<br>(22.1) | 7,37,122<br>(23.5) | 2,36,601<br>(34.5) | 5,00,521<br>(18.9) | -2,22,728 | -1,59,294 | -63,434 |
| 2007-08 सं. | 5,86,233<br>(14.0) | 97,803<br>(26.5) | 4,88,430<br>(11.7) | 9,17,179<br>(24.4) | 2,84,029<br>(20.0) | 6,33,150<br>(26.5) | -3,30,946 | -1,86,226 | -1,44,720 |
| 2008-09 अ | 7,05,232<br>(20.3) | .. | .. | 12,23,213<br>(33.4) | 3,99,502<br>(40.7) | 8,23,711<br>(30.1) | -5,17,981 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 1,13,401<br>(23.9) | 17,043<br>(60.4) | 96,358<br>(19.1) | 1,62,502<br>(20.5) | 52,160<br>(31.2) | 1,10,342<br>(16.0) | -49,101 | -35,117 | -13,984 |
| 2007-08 सं. | 1,45,641<br>(28.4) | 24,298<br>(42.6) | 121,343<br>(25.9) | 2,27,859<br>(40.2) | 70,563<br>(35.3) | 1,57,296<br>(42.6) | -82,219<br>(67.4) | -46,265 | -35,954 |
| 2008-09 अ | 1,54,937<br>(6.4) | 22783*<br>(16.7) | 107926*<br>(14.9) | 2,68,736<br>(17.9) | 87,769<br>(24.4) | 1,80,966<br>(15.0) | -113,799<br>(38.4) | | |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 76,393<br>(21.7) | 11,481<br>(57.6) | 64,912<br>(17.0) | 1,09,470<br>(18.4) | 35,138<br>(28.9) | 74,332<br>(14.0) | -33,077 | -23,657 | -9,421 |
| 2007-08 सं. | 94,017<br>(23.1) | 15,685<br>(36.6) | 78,332<br>(20.7) | 1,47,093<br>(34.4) | 45,551<br>(29.6) | 1,01,542<br>(36.6) | -53,076 | -29,866 | -23,210 |
| 2008-09 अ | 99,545<br>(5.9) | .. | .. | 1,72,660<br>(17.4) | 56,391<br>(23.8) | 1,16,269<br>(14.5) | -73,114 | | |

अ : अनंतिम    सं. : संशोधित    .. : अनुपलब्ध    * : आंकड़े अप्रैल-अक्तूबर से संबंधित हैं।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।
2. आंकड़ों का परिवर्तन आवधिक औसत विनिमय दर का उपयोग कर के किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु / समूह | अप्रैल-दिसंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 P | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **13,212.9** | **17,657.2** | **19,404.0** | 33.6 | 9.9 |
| | **(14.5)** | **(15.6)** | **(14.8)** | | |
| **अ. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **8,596.9** | **11,960.4** | **13,703.0** | 39.1 | 14.6 |
| *जिसमें से:* | **(9.4)** | **(10.5)** | **(10.5)** | | |
| 1. चाय | 355.5 | 383.7 | 450.8 | 7.9 | 17.5 |
| 2. कॉफी | 316.0 | 298.9 | 375.6 | -5.4 | 25.7 |
| 3. चावल | 1,075.7 | 1,881.7 | 1,811.0 | 74.9 | -3.8 |
| 4. गेहूँ | 7.6 | 0.1 | 0.1 | -99.3 | 151.8 |
| 5. अपशिष्ट सहित कच्ची रुई | 637.5 | 951.4 | 473.5 | 49.2 | -50.2 |
| 6. तंबाकू | 272.3 | 353.8 | 537.5 | 29.9 | 51.9 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 413.5 | 398.2 | 511.4 | -3.7 | 28.4 |
| 8. मसाले | 485.8 | 942.5 | 1,064.3 | 94.0 | 12.9 |
| 9. आयल मील | 724.8 | 1,061.9 | 1,770.7 | 46.5 | 66.7 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,245.8 | 1,376.3 | 1,224.3 | 10.5 | -11.0 |
| 11. चीनी और खांड़सारी | 546.3 | 906.7 | 993.2 | 66.0 | 9.5 |
| **आ. अयस्क और खनिज** | **4,616.0** | **5,696.8** | **5,700.9** | 23.4 | 0.1 |
| *जिसमें से:* | | **(5.1)** | **(5.0)** | **(4.4)** | |
| 1. लौह अयस्क | 2,569.1 | 3,295.4 | 3,177.8 | 28.3 | -3.6 |
| 2. प्रसंस्कृत खनिज | 963.9 | 904.2 | 1,095.9 | -6.2 | 21.2 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **61,537.7** | **73,327.9** | **85,310.7** | 19.2 | 16.3 |
| *जिसमें से:* | | **(67.4)** | **(64.6)** | **(65.3)** | |
| **अ. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | 2,222.9 | 2,539.1 | 2,755.3 | 14.2 | 8.5 |
| **आ. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | 12,643.1 | 14,867.8 | 17,644.9 | 17.6 | 18.7 |
| 1. मूल रसायन, भेषज वस्तुएं और प्रसाधन सामग्री | 7,930.8 | 9,726.0 | 11,991.1 | 22.6 | 23.3 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 2,438.4 | 2,395.8 | 2,420.0 | -1.7 | 1.0 |
| 3. रबड़, कांच, पेंट और एनामेल आदि | 1,743.9 | 2,086.0 | 2,346.0 | 19.6 | 12.5 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 530.0 | 660.0 | 887.8 | 24.5 | 34.5 |
| **इ. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **21,315.8** | **26,068.4** | **34,336.4** | 22.3 | 31.7 |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं से विनिर्मित | 3,707.4 | 4,889.2 | 5,927.1 | 31.9 | 21.2 |
| 2. मशीन और उपकरण | 4,873.4 | 6,446.2 | 8,339.0 | 32.3 | 29.4 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 3,333.5 | 4679.3 | 7,802.9 | 40.4 | 66.8 |
| 4. लोहा और इस्पात | 3,868.6 | 3,870.7 | 4,825.7 | 0.1 | 24.7 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 2,115.4 | 2,379.1 | 3,342.6 | 12.5 | 40.5 |
| **ई. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **12,653.8** | **13,882.3** | **14,554.6** | 9.7 | 4.8 |
| 1. सूती धागा, कपड़ा उससे बनी वस्तुएं आदि | 3,092.4 | 3,297.6 | 3,291.5 | 6.6 | -0.2 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा से बनी वस्तुएं (सिल्क अपशिष्ट सहित) | 332.0 | 279.0 | 287.8 | -16.0 | 3.2 |
| 3. कृत्रिम धागा,कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 1,605.8 | 2,114.1 | 2,371.6 | 31.7 | 12.2 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 134.7 | 190.1 | 210.7 | 41.2 | 10.8 |
| 5. ऊनी धागा,कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 63.1 | 65.5 | 78.2 | 3.8 | 19.4 |
| 6. तैयार कपड़े | 6,400.6 | 6,851.2 | 7,348.2 | 7.0 | 7.3 |
| 7. जूट और जूट से विनिर्मित वस्तुएं | 220.3 | 247.6 | 241.8 | 12.4 | -2.3 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 102.9 | 116.1 | 109.0 | 12.9 | -6.2 |
| 9. कार्पेट | 702.1 | 721.1 | 616.0 | 2.7 | -14.6 |
| (क)हस्त निर्मित कार्पेट | 677.8 | 708.2 | 609.0 | 4.5 | -14.0 |
| (ख)मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| (ग)रेशमी कार्पेट | 24.3 | 13.0 | 7.0 | -46.8 | -45.7 |
| **उ रत्न और आभूषण** | **11,518.6** | **14,600.7** | **14,614.2** | **26.8** | **0.1** |
| **ऊ हस्त शिल्प** | **336.1** | **417.7** | **242.0** | **24.3** | **-42.1** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **14,323.7** | **19,531.0** | **22,783.4** | **36.4** | **16.7** |
| | **(15.7)** | **(17.2)** | **(17.4)** | | |
| **IV. अन्य** | **2,287.0** | **2,959.1** | **3,211.8** | **29.4** | **8.5** |
| | **(2.5)** | **(2.6)** | **(2.5)** | | |
| **कुल निर्यात** | **91,361.3** | **1,13,475.2** | **1,30,709.8** | **24.2** | **15.2** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े उस अवधि में कुल निर्यात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-दिसंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **38,503.9** | **45,808.2** | **50,739.9** | **19.0** | **10.8** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **19,234.2** | **24,347.1** | **28,670.4** | **26.6** | **17.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,428.3 | 2,998.4 | 3,462.6 | 23.5 | 15.5 |
| 2. फ्रांस | 1,512.1 | 1,835.4 | 2,171.4 | 21.4 | 18.3 |
| 3. जर्मनी | 2,810.6 | 3,626.1 | 4,359.2 | 29.0 | 20.2 |
| 4. इटली | 2,585.7 | 2,781.7 | 2,844.8 | 7.6 | 2.3 |
| 5. नीदरलैंड | 1,868.8 | 3,576.0 | 4,816.0 | 91.4 | 34.7 |
| 6. यूके | 4,093.9 | 4,826.5 | 4,781.7 | 17.9 | -0.9 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **14,763.2** | **16,159.7** | **16,676.0** | **9.5** | **3.2** |
| 1. कनाडा | 824.2 | 904.2 | 1,006.8 | 9.7 | 11.3 |
| 2. यू एस ए | 13,939.03 | 15,255.47 | 15,669.27 | 9.4 | 2.7 |
| **इ. एशिया और ओशेनिया** | **3,192.0** | **3,428.5** | **3,428.6** | **7.4** | **0.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 676.6 | 842.2 | 1,023.2 | 24.5 | 21.5 |
| 2. जापान 2,045.8 | 2,482.8 | 2,258.7 | 21.4 | -9.0 | |
| **ई. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **1,314.5** | **1,872.9** | **1,964.9** | **42.5** | **4.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 315.5 | 427.7 | 507.2 | 35.6 | 18.6 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **15,451.4** | **19,366.2** | **25,711.7** | **25.3** | **32.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,428.2 | 1,325.4 | 1,816.0 | -7.2 | 37.0 |
| 2. ईरान | 1,187.7 | 1,655.7 | 1,991.1 | 39.4 | 20.3 |
| 3. इराक | 139.3 | 162.1 | 265.2 | 16.3 | 63.6 |
| 4. कुवैत | 462.9 | 472.6 | 602.8 | 2.1 | 27.6 |
| 5. सऊदी अरब | 1,830.2 | 2,490.2 | 4,088.8 | 36.1 | 64.2 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 8,917.8 | 11,365.8 | 14,421.4 | 27.5 | 26.9 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,119.0** | **1,321.1** | **1,558.6** | **18.1** | **18.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1 रूस | 638.5 | 664.6 | 806.4 | 4.1 | 21.3 |
| **IV. विकासशील देश** | **36,080.3** | **46,612.3** | **51,726.9** | **29.2** | **11.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **26,922.1** | **34,304.2** | **37,675.1** | **27.4** | **9.8** |
| **क. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **4,704.5** | **6,238.0** | **6,617.4** | **32.6** | **6.1** |
| 1. अफगानिस्तान | 127.4 | 175.6 | 284.6 | 37.8 | 62.1 |
| 2. बांग्लादेश | 1,193.6 | 1,658.7 | 1,973.4 | 39.0 | 19.0 |
| 3. भूटान | 40.1 | 62.7 | 79.1 | 56.6 | 26.1 |
| 4. मालदीव | 49.2 | 61.9 | 80.2 | 25.8 | 29.5 |
| 5. नेपाल | 701.1 | 1,022.1 | 1,110.0 | 45.8 | 8.6 |
| 6. पाकिस्तान | 982.7 | 1,246.7 | 1,084.0 | 26.9 | -13.1 |
| 7. श्रीलंका | 1,610.4 | 2,010.2 | 2,006.1 | 24.8 | -0.2 |
| **ख. अन्य एशियाई विकासशील देश** | **22,217.6** | **28,066.2** | **31,057.7** | **26.3** | **10.7** |
| *जिसमें:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 5,589.7 | 6,805.2 | 6,123.3 | 21.7 | -10.0 |
| 2. हांगकांग | 3,257.1 | 4,450.5 | 4,846.0 | 36.6 | 8.9 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,675.1 | 1,726.4 | 2,627.5 | 3.1 | 52.2 |
| 4. मलेशिया | 995.7 | 1,566.8 | 2,025.7 | 57.4 | 29.3 |
| 5. सिंगापुर | 4,768.8 | 5,141.6 | 6,507.4 | 7.8 | 26.6 |
| 6. थाइलैंड | 1,022.6 | 1,258.1 | 1,423.4 | 23.0 | 13.1 |
| **आ. अफ्रीका** | **6,260.4** | **8,760.0** | **9,125.6** | **39.9** | **4.2** |
| *जिसमें:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 113.1 | 189.8 | 159.0 | 67.8 | -16.2 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 508.3 | 961.5 | 1,308.3 | 89.2 | 36.1 |
| 3. केन्या | 1,039.0 | 1,041.5 | 1,094.3 | 0.2 | 5.1 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,691.9 | 1,725.3 | 1,556.3 | 2.0 | -9.8 |
| 5. सूडान | 300.3 | 277.1 | 331.9 | -7.7 | 19.8 |
| 6. तंजानिया | 210.2 | 391.1 | 849.7 | 86.1 | 117.2 |
| 7. जांबिया | 81.3 | 108.3 | 78.6 | 33.1 | -27.4 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **2,897.7** | **3,548.1** | **4,926.2** | **22.4** | **38.8** |
| **V. अन्य** | **88.4** | **217.0** | **403.5** | **145.3** | **85.9** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **118.2** | **150.4** | **569.1** | **27.2** | **278.5** |
| **कुल निर्यात** | **91,361.3** | **1,13,475.2** | **1,30,709.8** | **24.2** | **15.2** |

अ : अनंतिम

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5: भारत के आयात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-दिसंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **63,427.4** | **78,910.2** | **1,15,377.1** | 24.4 | 46.2 |
| | **(47.2)** | **(45.8)** | **(49.0)** | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध वस्तुएं** | **43,871.2** | **54,420.2** | **79,635.3** | 24.0 | 46.3 |
| | **(32.6)** | **(31.6)** | **(33.8)** | | |
| **आ. थोक उपभोग वस्तुएं** | **2,603.3** | **3,324.3** | **3,493.9** | 27.7 | 5.1 |
| 1. गेहूँ | 304.1 | 372.3 | 0.0 | 22.4 | -100.0 |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 26.2 | 28.5 | 34.2 | 8.9 | 19.9 |
| 3. खाद्य तेल | 1,661.9 | 1,979.2 | 2,453.5 | 19.1 | 24.0 |
| 4. दालें | 610.4 | 943.8 | 977.5 | 54.6 | 3.6 |
| 5. चीनी | 0.7 | 0.5 | 28.8 | -27.4 | 5548.2 |
| **इ. अन्य थोक मदें** | **16,952.8** | **21,165.7** | **32,247.9** | 24.9 | 52.4 |
| 1. उर्वरक | 2,628.2 | 4,123.4 | 12,407.0 | 56.9 | 200.9 |
| क) कच्चा तेल | 260.5 | 336.4 | 843.7 | 29.2 | 150.8 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट | 78.3 | 200.0 | 630.1 | 155.6 | 215.0 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएँ | 2,289.5 | 3,587.0 | 10,933.2 | 56.7 | 204.8 |
| 2. अलौह धातुएं | 1,908.5 | 2,521.5 | 2,659.8 | 32.1 | 5.5 |
| 3. कागज, पेपर बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित | 934.3 | 1,031.9 | 1,493.1 | 10.4 | 44.7 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 439.7 | 565.4 | 781.4 | 28.6 | 38.2 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 466.2 | 575.8 | 655.5 | 23.5 | 13.8 |
| 6. धात्विक अयस्क और धातु स्क्रैप | 6,058.8 | 5,810.4 | 6,741.1 | -4.1 | 16.0 |
| 7. लोहा और इस्पात | 4,517.1 | 6,537.3 | 7,510.0 | 44.7 | 14.9 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **71,091.8** | **93,209.3** | **1,20,032.5** | 31.1 | 28.8 |
| | **(52.8)** | **(54.2)** | **(51.0)** | | |
| **अ. पूंजीगत वस्तुएं** | **30,886.5** | **41,056.4** | **49,501.3** | 32.9 | 20.6 |
| 1. धातु से निर्मित | 1,119.4 | 1,875.0 | 2,550.7 | 67.5 | 36.0 |
| 2. मशीन औजार | 1,062.4 | 1,538.9 | 1,880.0 | 44.8 | 22.2 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनरी | 9,902.0 | 13,485.5 | 16,351.7 | 36.2 | 21.3 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 1,446.3 | 2,067.5 | 2,587.1 | 43.0 | 25.1 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 12,628.5 | 16,068.1 | 17,474.7 | 27.2 | 8.8 |
| 6. परिवहन के उपस्कर | 3,372.3 | 5,114.1 | 6,332.6 | 51.6 | 23.8 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 1,355.6 | 907.3 | 2,324.5 | -33.1 | 156.2 |
| **आ. मुख्यत: निर्यात से संबधित मदें** | **13,703.1** | **16,588.7** | **23,359.8** | 21.1 | 40.8 |
| 1. मोती, मूल्यवान और कम-मूल्यवान रत्न | 5,907.8 | 7,137.2 | 10,752.1 | 20.8 | 50.6 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 5,824.4 | 7,327.2 | 10,157.3 | 25.8 | 38.6 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक आदि | 1,649.4 | 1,835.6 | 1,948.4 | 11.3 | 6.1 |
| 4. काजू, कच्चा | 321.4 | 288.7 | 502.1 | -10.2 | 73.9 |
| **ग. अन्य** | **26,502.2** | **35,564.2** | **47,171.5** | 34.2 | 32.6 |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 10,711.6 | 14,410.0 | 17,033.3 | 34.5 | 18.2 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक वस्तुएं | 1,907.3 | 2,670.2 | 2,937.8 | 40.0 | 10.0 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 1,710.2 | 2,222.9 | 3,147.7 | 30.0 | 41.6 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 3,275.2 | 4,597.8 | 8,402.0 | 40.4 | 82.7 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 882.7 | 1,201.7 | 1,394.0 | 36.1 | 16.0 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 1,004.3 | 1,161.5 | 1,568.4 | 15.7 | 35.0 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 576.1 | 742.3 | 936.3 | 28.9 | 26.1 |
| **कुल आयात** | **1,34,519.2** | **1,72,119.5** | **2,35,409.6** | 28.0 | 36.8 |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | 90,648.0 | 1,17,699.3 | 1,55,774.3 | 29.8 | 32.3 |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | 79,936.4 | 1,03,289.3 | 1,38,740.9 | 29.2 | 34.3 |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टयां*** | 73,333.4 | 94,155.1 | 1,21,166.1 | 28.4 | 28.7 |

अ : अनंतिम

* : सोने और चांदी, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण को घटाकर तेल से इतर आयात।

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े उस अवधि में कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-दिसंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **44,471.1** | **57,619.0** | **73,845.8** | **29.6** | **28.2** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **20,056.9** | **25,634.5** | **31,289.7** | **27.8** | **22.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 3,188.6 | 3,933.1 | 4,735.1 | 23.3 | 20.4 |
| 2. फ्रांस | 1,596.1 | 1,989.3 | 2,349.8 | 24.6 | 18.1 |
| 3. जर्मनी | 5,457.0 | 6,760.2 | 8,295.8 | 23.9 | 22.7 |
| 4. इटली | 1,916.1 | 2,751.5 | 3,427.7 | 43.6 | 24.6 |
| 5. नीदरलैंड | 815.3 | 1,425.5 | 1,384.2 | 74.8 | -2.9 |
| 6. यूके | 3,103.1 | 3,810.6 | 5,045.5 | 22.8 | 32.4 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **8,734.1** | **11,486.3** | **15,648.0** | **31.5** | **36.2** |
| 1. कनाडा | 1,032.3 | 1,432.8 | 1,780.7 | 38.8 | 24.3 |
| 2. यू एस ए | 7,701.8 | 10,053.5 | 13,867.3 | 30.5 | 37.9 |
| **इ. एशिया और ओशेनिया** | **8,727.9** | **10,731.3** | **13,927.3** | **23.0** | **29.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 5,242.8 | 5,930.9 | 7,582.4 | 13.1 | 27.8 |
| 2. जापान | 3,286.5 | 4,551.3 | 5,968.3 | 38.5 | 31.1 |
| **ई. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **6,952.3** | **9,767.0** | **12,980.7** | **40.5** | **32.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 6,333.7 | 7,837.8 | 10,796.0 | 23.7 | 37.7 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **42,732.3** | **53,923.9** | **79,830.6** | **26.2** | **48.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 2,803.3 | 3,484.2 | 5,044.5 | 24.3 | 44.8 |
| 2. ईरान | 5,702.4 | 7,254.1 | 10,101.5 | 27.2 | 39.3 |
| 3. इराक | 4,455.1 | 4,397.4 | 7,042.5 | -1.3 | 60.1 |
| 4. कुवैत | 4,403.7 | 4,883.8 | 7,915.3 | 10.9 | 62.1 |
| 5. सऊदी अरब | 10,262.8 | 13,511.8 | 17,072.8 | 31.7 | 26.4 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 6,498.1 | 9,691.0 | 15,370.1 | 49.1 | 58.6 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2,717.9** | **2,872.3** | **5,611.8** | **5.7** | **95.4** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 1,515.1 | 1,858.5 | 3,775.9 | 22.7 | 103.2 |
| **IV. विकासशील देश** | **44,022.3** | **57,116.7** | **75,096.9** | **29.7** | **31.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **35,196.3** | **46,429.7** | **60,277.3** | **31.9** | **29.8** |
| **क. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **1,140.3** | **1,368.0** | **1,407.6** | **20.0** | **2.9** |
| 1. अफगानिस्तान | 30.9 | 74.0 | 97.6 | 139.1 | 31.9 |
| 2. बांग्लादेश | 184.5 | 192.6 | 263.0 | 4.4 | 36.5 |
| 3. भूटान | 92.0 | 154.0 | 119.1 | 67.3 | -22.7 |
| 4. मालदीव | 2.2 | 2.8 | 3.3 | 23.5 | 17.8 |
| 5. नेपाल | 229.5 | 402.5 | 369.2 | 75.4 | -8.3 |
| 6. पाकिस्तान | 247.8 | 211.9 | 293.1 | -14.5 | 38.3 |
| 7 श्रीलंका | 353.4 | 330.3 | 262.3 | -6.5 | -20.6 |
| **ख. अन्य एशियाई विकासशील देश** | **34,056.0** | **45,061.7** | **58,869.7** | **32.3** | **30.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 12,640.1 | 19,854.7 | 24,169.4 | 57.1 | 21.7 |
| 2. हांगकांग | 1,842.6 | 2,192.0 | 4,397.2 | 19.0 | 100.6 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 3,572.2 | 4,288.5 | 6,536.8 | 20.1 | 52.4 |
| 4. मलेशिया | 4,013.9 | 4,464.5 | 5,866.4 | 11.2 | 31.4 |
| 5. सिंगापुर | 4,176.9 | 5,620.2 | 5,823.8 | 34.6 | 3.6 |
| 6. थाइलैंड | 1,246.6 | 1,719.4 | 2,065.4 | 37.9 | 20.1 |
| **आ. अफ्रीका** | **5,049.7** | **6,802.5** | **10,540.2** | **34.7** | **54.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 71.5 | 62.7 | 106.4 | -12.3 | 69.7 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 1,368.4 | 1,525.8 | 1,612.0 | 11.5 | 5.6 |
| 3. केन्या | 41.1 | 65.3 | 60.7 | 58.6 | -6.9 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,936.4 | 2,679.7 | 4,550.5 | 38.4 | 69.8 |
| 5. सूडान | 83.6 | 241.6 | 359.1 | 189.1 | 48.6 |
| 6. तंजानिया | 58.8 | 73.1 | 108.9 | 24.3 | 49.0 |
| 7. जांबिया | 74.9 | 66.2 | 127.6 | -11.6 | 92.7 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **3,776.3** | **3,884.5** | **4,279.5** | **2.9** | **10.2** |
| **V. अन्य** | **53.4** | **52.1** | **50.6** | **-2.3** | **-3.0** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **522.2** | **535.4** | **973.9** | **2.5** | **81.9** |
| **कुल आयात** | **1,34,519.2** | **1,72,119.5** | **2,35,409.6** | **28.0** | **36.8** |

अ :अनंतिम

**टिप्पणी :** 2006-07 के आंकड़े, जिसमें पेट्रोलियम आयात का देश वार वितरण शामिल है, पिछले वर्ष के आंकड़ों से पूर्णतः तुलनीय नहीं हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।